Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स हरियाणा

## अक्तूबर 2023

(संग्रह)


Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009

Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501

Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**हरियाणा** **3**

- हरियाणा में 'मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार- आओ भाग लेकर पाएँ आकर्षक उपहार' की पहल 3
- पुलिस कुश्ती क्लस्टर का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ 4
- एशियन गेम्स: सुनील मलिक ने 13 साल बाद ग्रीको रोमन कुश्ती में दिलाया पदक 5
- 'एटम ऑन व्हील अभियान' की शुरुआत 6
- एशियाई खेल 2023: अंतिम पंघाल ने कुश्ती में जीता काँस्य पदक 7
- हरियाणा कृषि विकास मेला 2023 का उद्घाटन 8
- करनाल सीएसएसआरआई ने खोजी सरसों बीज की तीन नई किस्में 11
- प्रदेश में पराली जलाने में अंबाला 56 केस के साथ सबसे आगे, कुरुक्षेत्र दूसरे नंबर पर 12
- हरियाणा मंत्रिमंडल के महत्त्वपूर्ण निर्णय 13
- अंबाला में घरेलू एयरपोर्ट की भूमि का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास 14
- कैथल के सांपन खेड़ी गाँव में मुख्यमंत्री ने किया मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास 15
- विश्व धरोहर एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर अग्रोहा 17
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अटेली के मनीष सैनी को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया 18
- ग्लोबल सिटी के रूप में विकसित होगा अग्रोहा 18
- हरियाणा की आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता श्रीमती सुदेश यादव बेस्ट आंगनवाड़ी वर्कर अवॉर्ड से सम्मानित 20
- एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ 20
- हरियाणा के दूसरे ज़िलों में भी पीपीपी मोड में खोले जाएंगे सैनिक स्कूल 22
- हरियाणा सरकार ने ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना के तहत 13 नई परियोजनाओं को मंज़ूरी दी 23
- मुख्यमंत्री ने ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत 10 नए कार्यों को दी मंज़ूरी 23
- हरियाणा में 15 खेलो इंडिया केंद्रों का शुभारंभ 24
- हरियाणा सरकार ने पत्रकारों की मासिक पेंशन में की रिकॉर्ड बढ़ोतरी 26
- आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा योजना में महेंद्रगढ़ ज़िला पहले पायदान पर 26
- राज्य स्तरीय सांझी उत्सव-2023 संपन्न 27
- महिला सुरक्षा को लेकर हरियाणा-112 में नई पहल है 'सेफ जर्नी' 29
- प्रदेश के 124 पीएम श्री स्कूलों का हुआ लोकार्पण 30
- अब कौशल विकास के ट्रेनिंग सेंटरों पर लगेगी 'आधार कार्ड' आधारित उपस्थिति 32
- आइडियाथॉन हरियाणा 32
- मुख्यमंत्री ने 'प्राणवायु देवता पेंशन योजना'की शुरुआत की 33
- 'कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों की तैनाती' में संशोधन 34
- मुख्यमंत्री ने की प्रदेश में छ: टोल प्लाजा बंद करने की घोषणा 35
- मुख्यमंत्री ने की 10 ज़िलों में 190 कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा 36
- सीएसएसआरआई करनाल ने विकसित की सल्फर आधारित मृदा सुधार तकनीक 36
- दो कांस्य के साथ अनीश बनवाला ने हासिल किया ओलंपिक कोटा 38
- देश के 13 शहरों में दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बना जींद 39


**नोट :**

# हरियाणा

## हरियाणा में 'मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार- आओ भाग लेकर पाएँ आकर्षक उपहार' की पहल

### चर्चा में क्यों?

- 3 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के युवाओं एवं महिलाओं को वोट बनवाने पर उपहार देने हेतु 'मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार-आओ भाग लेकर पाएँ आकर्षक उपहार'नामक पहल की शुरुआत की गई है।

### प्रमुख बिंदु

- 1 अक्तूबर से 9 दिसंबर तक वोट बनवाने वालों को 5 जनवरी, 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले ड्रॉ में लैपटॉप, स्मार्टफोन और पेन ड्राइव दिये जाएंगे। इसके अलावा इस अवधि के दौरान नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को टी-शर्ट प्रदान की जाएगी।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिनका जन्म 2 जनवरी, 2004 से एक जनवरी, 2006 के बीच हुआ है और उन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है, वह वोटर हेल्पलाइन पर ऑनलाइन फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही आकर्षक ईनाम भी पा सकते हैं।






## पुलिस कुश्ती क्लस्टर का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

4 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल ज़िले स्थित मधुबन पुलिस अकादमी के स्टेडियम में आयोजित पाँच दिवसीय 72वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में देशभर के अलग-अलग राज्यों के अर्धसैनिक बलों की 36 टीम के 2561 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।
- इस अवसर पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि हरियाणा पुलिस के जवानों ने अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में अब तक 648 पदक जीतकर गौरव बढ़ाया है।
- इसके अलावा मेजर ध्यानचंद, पद्मश्री भीम अवॉर्ड के 56 पुरस्कार भी हरियाणा पुलिस के नाम रहे। पुलिस थानों के रिकॉर्ड और नागरिक सेवाओं को दुरुस्त बनाए रखने के लिये सीसीटीएनएस द्वारा 380 पुलिस थानों को जोड़ने वाला हरियाणा देश में अग्रिम स्थान पर है।
- विदित है कि चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेल में देश को अब तक मिले 71 पदकों में से हरियाणा के खिलाड़ियों ने 17 पदक लाकर प्रदेश की शान बढ़ाई है।
- इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को छह करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है। ब्लॉक और गाँव स्तर पर भी खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है।






नोट :

# एशियन गेम्स: सुनील मलिक ने 13 साल बाद ग्रीको रोमन कुश्ती में दिलाया पदक

## चर्चा में क्यों ?

4 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के सोनीपत ज़िले के गाँव डबरपुर के पहलवान सुनील मलिक ने चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में देश के लिये ग्रीको रोमन 87 किलोग्राम भारवर्ग में 13 साल बाद पदक दिलाया है।

### प्रमुख बिंदु

- सुनील मलिक ने एशियाई खेल में अपना पहला पदक जीतने के लिये किर्गिस्तान के अताबेक अजीसबेकोव को 2-1 से हराया।
- भारतीय पहलवान ने एशियन गेम्स 2023 में राउंड ऑफ 16 से अपने अभियान की शुरुआत की थी, जहाँ उन्होंने चीन के फेई पेंग को 4-3 से हराया था।
- इसके बाद उन्होंने ताजिकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखेव पर 9-1 की बड़ी जीत दर्ज की। हालाँकि, मौजूदा एशियाई चैंपियन को ईरान के नासेर अलीजादेह के खिलाफ 5-1 से हार का सामना करना पड़ा।
- प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे सोनीपत के गाँव फतेहपुर के ज्ञानेंद्र ईरान के पहलवान व गाँव जुआं के नीरज उज्बेकिस्तान के पहलवान से हारकर बाहर हो गए हैं।
- विदित है कि सुनील के द्वारा जीता गया यह कांस्य पदक 13 साल पहले चीन के गुआंगझोऊ में रविंदर सिंह और सुनील कुमार राणा के कांस्य पदक जीतने के बाद ग्रीको-रोमन कुश्ती में भारत का पहला पदक था। उसके बाद वर्ष 2014 व 2018 में ग्रीको रोमन में कोई पदक नहीं मिल सका।
- इससे पहले सुनील इसी वर्ष अगस्त में रोमानिया कप में स्वर्ण पदक, अप्रैल में कज़ाखिस्तान के अस्ताना में हुई सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं।
- गौरतलब है कि सुनील कुमार ने भारत के 27 साल के इंतजार को खत्म करते हुए दिल्ली में 2020 एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।
- सुनील इससे पहले भी वर्ष 2018 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण, 2019 में हुई विश्व रैंकिंग सीरीज़ में रजत व वर्ष 2019 में हुई सीनियर एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ा चुके हैं।




नोट :




## 'एटम ऑन व्हील अभियान' की शुरुआत

### चर्चा में क्यों?

5 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के फतेहाबाद ज़िले के गाँव गोरखपुर स्थित गोरखपुर हरियाणा अणु परियोजना संयंत्र से कॉरपोरेशन के परियोजना निदेशक आरएस बरवाल ने न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रामीण एकीकरण कार्यक्रम के तहत एटम ऑन व्हील अभियान की शुरुआत की।

### प्रमुख बिंदु

- विदित है कि आम जनता में परमाणु ऊर्जा को लेकर अलग-अलग तरह की भ्रांतियाँ फैली हुई हैं। इन्हीं भ्रांतियों को दूर करने के लिये यह राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया गया है।
- एटम ऑन व्हील अभियान का मुख्य उद्देश्य परमाणु ऊर्जा को लेकर आम जन की भ्रांतियाँ दूर करना है। इसके लिये एटम ऑन व्हील नाम से बस तैयार की गई है, जिसमें परमाणु ऊर्जा के उत्पादन से लेकर उसके फायदे बताने के लिये प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी बस गाँव-गाँव में जाएगी। बस में तीन से चार सदस्यीय टीम रहेगी, जो ग्रामीणों के सवालों का जवाब भी देगी।
- एटम ऑन व्हील अभियान हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात व आंध्र प्रदेश में चलाया जाएगा। हर राज्य में चार महीने तक अभियान चलेगा, जिसमें हर महीने 60 से 70 गाँवों को कवर किया जाएगा।
- सबसे पहले फतेहाबाद ज़िले के 240 गाँवों में चार महीनों तक यह बस लोगों को परमाणु ऊर्जा के विषय में जागरूक करेगी। बस हर गाँव के पंचायत भवन, स्कूलों, चिकित्सा केंद्रों, सामुदायिक केंद्रों के बाहर खड़ी की जाएगी। हरियाणा के बाद बस को राजस्थान में भेजा जाएगा।
- कॉरपोरेशन की ओर से तैयार करवाई गई वातानुकूलित बस में परमाणु ऊर्जा के उत्पादन, खपत, विशेषता, देश में चल रहे संयंत्रों और परमाणु ऊर्जा के उपयोग, प्रभाव और सुरक्षा से जुड़ी जानकारियों को एग्जिबिट्स और पैनल के जरिये दर्शाया गया है।
- इसके अलावा बस के बाहर की तरफ एलईडी और प्रोजेक्टर्स लगाए गए हैं, जिनमें काफी रोचक जानकारियाँ दिखेंगी।
- कॉरपोरेशन अधिकारियों के मुताबिक फतेहाबाद ज़िले के गाँव गोरखपुर स्थित संयंत्र में पहले चरण में 700-700 मेगावाट की दो यूनिट का निर्माण चल रहा है। पहली यूनिट का काम साल 2028 तक पूरा होगा।
- गौरतलब है कि साल 2014 में गाँव गोरखपुर में अणु परियोजना के संयंत्र का शिलान्यास तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया था।
- पूरी तरह स्वदेशी तकनीकी के इस संयंत्र में कुल 2800 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। यहाँ 700-700 मेगावाट की चार यूनिट बनेंगी। सारा कार्य साल 2036 तक पूरा होगा। इस संयंत्र निर्माण पर 50 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।




## एशियाई खेल 2023: अंतिम पंघाल ने कुश्ती में जीता काँस्य पदक

### चर्चा में क्यों ?

5 अक्तूबर, 2023 को चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स-2023 में हरियाणा के हिसार ज़िले की महिला पहलवान अंतिम पंघाल के 53 किलोभार वर्ग में काँस्य पदक जीता है।

### प्रमुख बिंदु

- एशियन गेम्स में अंतिम पंघाल ने टोक्यो 2020 ओलंपिक की काँस्य पदक विजेता मंगोलिया की बोलोरतुया बैट-ओचिर को 3-1 से हराकर एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीता और हांगझोऊ में भारत के लिये कुश्ती का दूसरा पदक जीता।
- अंतिम पंघाल एशियाई खेल 2023 में पदक जीतने वाली अभी तक पहली महिला पहलवान है।
- महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने एशियाई खेलों से पहले वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी काँस्य पदक जीता था।
- मौजूदा अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल ने अपने एशियन गेम्स डेब्यू में पदक के साथ शुरुआत की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के लिये दिन का पहला कुश्ती पदक और हांगझोऊ में फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में पहला पदक जीता।
- 19 वर्षीय भारतीय पहलवान को 19वें एशियन गेम्स के क्वार्टरफाइनल में जापान की अकारी फुजिनामी से हार का सामना करना पड़ा था। हालाँकि, अंतिम पंघाल ने रेपेचेज राउंड में बाई हासिल करते हुए काँस्य पदक मैच में जगह बनाई।
- विदित है कि अंतिम पंघाल ने पिछले महीने सर्बिया में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भी काँस्य पदक जीता था।
- अंतिम पंघाल की उपलब्धियाँ-
- 2022 में अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक
- 2022 में अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक
- 2022 में अंडर-20 जूनियर वूमन नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक
- 2021 में सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में काँस्य पदक

The Vision

नोट :






## हरियाणा कृषि विकास मेला 2023 का उद्घाटन

### चर्चा में क्यों ?

8 अक्तूबर, 2023 को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में तीनदिवसीय 'हरियाणा कृषि विकास मेला'का उद्घाटन किया। यह मेला 10 अक्तूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- विदित है कि हरियाणा सरकार किसानों को नई कृषि तकनीकों की जानकारी देने और किसानों के कृषि उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी में 'हरियाणा कृषि विकास मेला'का आयोजन किया जा रहा है।
- तीनदिवसीय इस मेले में देश और विदेश से किसान, उद्यमी, कृषि वैज्ञानिक, शोधकर्त्ता, छात्र, राजनेता और अन्य हितधारक भाग ले रहे हैं।
- हरियाणा कृषि विकास मेले-2023 में किसानों को लकी ड्रॉ जीतने का मौका मिलेगा, प्रगतिशील किसान सम्मानित किये जाएंगे, कृषि संबंधी उपकरणों, तकनीकों, इनोवेशन की प्रदर्शनी की जाएगी।
- वैज्ञानिक श्रीअन्न की खेती संबंधी जानकारी देंगे तथा नए बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें, यंत्र व उनकी कार्य प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। मेले में हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।




## इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट के हरियाणा खंड के पहले वार्षिक पैथोलॉजी सम्मेलन का आयोजन

### चर्चा में क्यों?

7 अक्तूबर, 2023 को इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट (आईएपीएम) के नवगठित हरियाणा खंड का पहला वार्षिक पैथोलॉजी सम्मेलन हरियाणा में फरीदाबाद के कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में आयोजित किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- सम्मेलन के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम लगभग 13.5 करोड़ सेवा प्राप्तकर्त्ताओं के साथ विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में से एक को सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है।
- उन्होंने इस योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली सेवाओं के वितरण में सुधार के लिये कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा की गई हालिया प्रौद्योगिकी आधारित पहल के बारे में चर्चा की।
- डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि रोगियों के अपॉइंटमेंट के लिये संशोधित एएए+ ऐप, टेलीमेडिसिन की सुविधा हेतु ई-संजीवनी 2.0 ऐप, लाभार्थियों के घरों पर दवा वितरण व नमूना संग्रह, आसानी से चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के उद्देश्य से ईएसआईसी द्वारा कुछ हालिया प्रौद्योगिकी आधारित पहल की गई हैं।
- उन्होंने स्पष्ट किया कि अब योजना के तहत उपलब्ध नकद लाभों का दावा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कार्यालयों में जाने की आवश्यकता के बिना घर पर बैठे-बैठे ऑनलाइन किया जा सकता है।

नोट :



## उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान ने महिंद्रा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

### चर्चा में क्यों?

6 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के हिसार स्थित उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान (एनआरएफएमटीटीआई), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी के भारत के अग्रणी निर्माताओं में से एक महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, मुंबई के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये।

### प्रमुख बिंदु

- इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य युवाओं के बीच कौशल विकास को बढ़ावा देना, उन्हें कृषि मशीनीकरण के क्षेत्र में करियर के लिये आवश्यक विशेषज्ञता से लैस करना है।
- समझौता ज्ञापन व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश के लिये एक सहयोगात्मक प्रयास की रूपरेखा तैयार करता है, जो युवाओं को कृषि मशीनरी उद्योग में चुनौतियों और अवसरों के लिये तैयार करेगा।
- इस साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य उद्योग की आवश्यकताओं और युवाओं के पास मौजूद कौशलों के बीच अंतर को पाटना एवं अंतत: कृषि मशीनीकरण क्षेत्र में कार्यबल को मज़बूत करना है।
- समझौता ज्ञापन की मुख्य विशेषताएँ:
  - कौशल विकास कार्यक्रम: एनआरएफएमटीटीआई और अग्रणी कृषि मशीनरी निर्माता संयुक्त रूप से कृषि मशीनरी उद्योग की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रम डिज़ाइन और कार्यान्वित करेंगे।
  - अत्याधुनिक सुविधाएँ: महिंद्रा नामांकित छात्रों के लिये उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिये विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएँ, प्रयोगशालाएँ और अनुभवी संकाय विकसित करेगा।
  - उद्योग से जुड़ा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण: पाठ्यक्रम को उद्योग की मांगों के अनुसार निकटता से संरेखित करने के लिये डिज़ाइन किया जाएगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि स्नातक अपने प्रशिक्षण के पूरा होने पर नौकरी के लिये तैयार हैं।
- इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सहायता: साझेदारी विनिर्माण कंपनी के भीतर छात्रों के लिये इंटर्नशिप के अवसरों की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के उद्योग संचालन के लिये व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। इसके अतिरिक्त, निर्माता एनआरएफएमटीटीआई के प्लेसमेंट प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे, स्नातकों के लिये नौकरी प्लेसमेंट में सहायता करेंगे।

नोट :







# करनाल सीएसएसआरआई ने खोजी सरसों बीज की तीन नई किस्में

## चर्चा में क्यों?

10 अक्तूबर, 2023 को केंद्रीय मृदा एवं लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआई), करनाल के प्रधान वैज्ञानिक (सरसों प्रजनन) डॉ. जोगेंद्र सिंह ने बताया कि सीएसएसआरआई ने हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लवणग्रस्त (क्षारीय एवं लवणीय) भूमि वाले इलाकों के लिये सरसों की तीन किस्में ईजाद की हैं।

## प्रमुख बिंदु

- डॉ. जोगेंद्र सिंह ने बताया कि सरसों की इन तीनों किस्मों का बीज किसानों को 2024 में उपलब्ध कराया जाएगा। इससे उन क्षेत्रों में भी सरसों की फसल लहलहाएगी, जहाँ अभी एक दाना भी सरसों का पैदा नहीं होता है। हालाँकि सरसों की कुछ लवणसहनशील किस्में पहले से हैं, जिनका बीज संस्थान ने वितरण करना शुरू कर दिया है।

- गौरतलब है कि हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्से के साथ-साथ खासतौर पर उत्तर प्रदेश के इटावा, हरदोई, प्रतापगढ़, कौशांबी, अवध क्षेत्र, लखनऊ, कानपुर आदि एक बड़ा भूभाग क्षारीय है, जहाँ अभी सरसों की पैदावार होती ही नहीं है। ऐसे क्षेत्रों में लवणसहनशील किस्मों के बीज काफी लाभकारी साबित होंगे।
- सीएसएसआरआई के वैज्ञानिकों ने सोडिक यानी क्षारीय भूमि क्षेत्रों के लिये सीएस-61, सीएस-62 और सीएस-64 तैयार की हैं। दो प्रजातियाँ उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के लिये अनुशंसित कर दी हैं। तीसरी किस्म सीएस-64 को केंद्रीय कृषि विमोचन समिति ने रिलीज़ कर दिया है।
- शीघ्र ही तीनों किस्मों को उत्तर सहित कई और राज्य भी किसानों के लिये रिलीज़ कर सकते हैं। फिलहाल उत्तर प्रदेश, हरियाणा में इन किस्मों के बीज 2024 में किसानों को उपलब्ध हो सकेंगे।
- हालांकि हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों के लिये संस्थान में तैयार की गई लवणरोधी किस्में सीएस-56, सीएस-58 और सीएस-60 को पहले ही रिलीज़ किया जा चुका है। इन किस्मों का बीज तैयार कर लिया गया है और संस्थान ने बीजों का वितरण भी शुरू कर दिया है।
- डॉ. जोगेंद्र सिंह ने बताया कि सामान्य परिस्थिति में इन नई किस्मों की पैदावार 27 से 29 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होगी, जबकि सोडिक ( क्षारीय भूमि) क्षेत्र में 21 से 23 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होगी। इन नई किस्मों में तेल की मात्रा 41 प्रतिशत होगी और अन्य में 38 प्रतिशत होती है।
- सरसों की तीनों नई किस्में (सीएस-61, सीएस-62 और सीएस-64) 9.4 पीएच मान तक सहनशील हैं। 6.5 से 7.5 पीएच मान सामान्य होता है।



## प्रदेश में पराली जलाने में अंबाला 56 केस के साथ सबसे आगे, कुरुक्षेत्र दूसरे नंबर पर

### चर्चा में क्यों ?

10 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के कृषि विभाग के उप निदेशक जसविंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा में पराली के अवशेष जलाने में अंबाला नंबर एक पर पहुँच गया है। कुरुक्षेत्र दूसरे नंबर है।

### प्रमुख बिंदु

- अंबाला में आठ अक्तूबर तक 56 केस पराली जलाने के आ चुके हैं। इसी तरह कुरुक्षेत्र में 49 मामले पराली जलाने के आ चुके हैं। प्रदेश में 22 ज़िलों में से 14 ज़िले के किसान पराली जला रहे हैं।
- पराली जलाने से रोकने के लिये कृषि विभाग जागरूक कर रहा है। साथ ही चालान काटकर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। चालान काटने को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी अंबाला में आ रही है। चालान काटने को लेकर भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह इसका लगातार विरोध कर रहे हैं।

- यूनियन का कहना है कि अगर प्रशासन उनके खेत से पराली उठा लेता है तो ठीक, नहीं तो वह पराली को आग लगाएंगे। यूनियन की इस चेतावनी के बाद प्रशासन भी सख्त हो गया है। लगातार टीम फील्ड में चालान काटे जा रहे हैं।

## हरियाणा मंत्रिमंडल के महत्त्वपूर्ण निर्णय

### चर्चा में क्यों ?

11 अक्तूबर, 2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा नगर शहरी निर्मित-योजना सुधार नीति 2023 को मंज़ूरी देने के साथ ही कई अन्य महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गए।

### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा नगर शहरी निर्मित-योजना सुधार नीति 2023 के तहत हरियाणा के अनियोजित क्षेत्र में आवासीय भूखंडों को व्यावसायिक उपयोग में बदलने की अनुमति दी जाएगी। शर्त यह है कि कॉलोनी कम-से-कम 50 साल पहले बनी हो।
  - यह नीति हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी), हाउसिंग बोर्ड (हरियाणा), हरियाणा राज्य औद्योगिक बुनियादी ढाँचा विकास निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के क्षेत्रों को छोड़कर नगर पालिका सीमा के मुख्य क्षेत्रों के भीतर बसे आवासीय क्षेत्रों में लागू होगी।
  - यह योजना उन प्लॉटों पर भी लागू होगी, जिन्होंने अपने प्लॉट को विभाजित कर दिया था। फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर), ग्राउंड कवरेज और प्लॉट की ऊँचाई जैसे पैरामीटर मूल आवासीय योजना के अनुरूप रहेंगे। मूल योजना की बिल्डिंग लाइन का भी रखरखाव किया जाएगा।
  - आवेदन प्रक्रिया को शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से विकसित एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सुविधाजनक बनाया जाएगा। आवेदन के लिये संपत्ति मालिकों को रूपांतरण शुल्क के रूप में 10 रुपए प्रति वर्ग मीटर जाँच शुल्क का भुगतान और वाणिज्यिक कलेक्टर दर का पाँच फीसदी विकास शुल्क देना होगा।
  - परिवर्तित क्षेत्र पर उन्हें 160 रुपए प्रति वर्ग मीटर का कंपोजिशन शुल्क भी देना होगा। इसके लिये आवेदक को 31 मार्च, 2024 तक आवेदन करना होगा। अगर इस समयावधि के दौरान भूखंड मालिक आवेदन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
  - अवैध व्यावसायिक भवनों की पहचान करने और रास्ते के अधिकारों व प्रभावित भूखंडों का नक्शा बनाने के लिये सर्वेक्षण किया जाएगा। अगर किसी संपत्ति को अस्वीकार कर दिया जाता है या नियमितीकरण के लिये आवेदन नहीं किया जाता है तो नगर पालिकाएँ अवैध निर्माण को तोड़कर इमारत को मूल स्थिति में बहाल कर सकती हैं या लाइसेंस रद्द कर सकती हैं।
- मंत्रिमंडल की बैठक में नगर पालिकाओं और नगर सुधार ट्रस्टों की ओर से आवंटित सिंगल (एकल) बूथ, दुकानों और सर्विस बूथों पर पहली मंज़िल या बेसमेंट या दोनों के निर्माण को मंज़ूरी दी गई। इसके लिये भी नीति को मंत्रिमंडल ने मंज़ूरी दी है।
  - बूथ पर पहली मंज़िल या बेसमेंट या दोनों के मौजूदा अनधिकृत निर्माण का नियमित करने के लिये 31 मार्च, 2024 तक आवेदन करना होगा।
  - पहली मंज़िल या बेसमेंट या बूथ के निर्माण के लिये नई अनुमति हेतु समय-सीमा तय नहीं है। यह नीति उन नियंत्रित क्षेत्रों पर लागू नहीं होगी, जिनके लिये भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) की अनुमति की आवश्यकता होती है।
  - इसमें नगर पालिका सीमा के भीतर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से स्वीकृत लाइसेंस प्राप्त योजनाएँ भी शामिल नहीं हैं।
  - इसके अलावा नीति में तहबाज़ारी या खोखा के तहत दुकानों या नगर पालिकाओं की ओर से आवंटित किसी भी अस्थायी संरचना को शामिल नहीं किया गया है।
  - आवेदकों से प्रस्तावित कुल निर्मित क्षेत्र पर 10 रुपए प्रति वर्ग मीटर का शुल्क लिया जाएगा। मौजूदा प्रथम तल या बेसमेंट निर्माण के नियमितीकरण के लिये शुल्क 10 रुपए प्रति वर्ग मीटर है, लेकिन यह भूतल पर संरचना सहित भूखंड पर प्रस्तावित और मौजूदा निर्मित क्षेत्र, दोनों पर लागू होता है।

- बैठक में हरियाणा डिजिटल मीडिया विज्ञापन नीति को मंज़ूरी दी गई। यह नीति सोशल मीडिया समाचार चैनलों और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर को शामिल करने के लिये लाई गई है।
  - वर्ष 2007 और 2020 की मौजूदा नीति केवल प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और वेबसाइट तक ही सीमित थी। नई नीति के तहत सोशल मीडिया समाचार चैनलों को उनके ग्राहकों, अनुयायियों और सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की संख्या को ध्यान में रखते हुए पैनल में शामिल करने के लिये पाँच श्रेणियाँ बनाई गई हैं।
  - डीआईपीआर हरियाणा की ओर से इन श्रेणियों के अनुसार सोशल मीडिया समाचार चैनलों को सूचीबद्ध किया जाएगा। पैनल सलाहकार समिति प्रत्येक श्रेणी, विज्ञापन प्रारूप और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिये समय-समय पर दरें तय करेगी।
- मंत्रिमंडल ने प्रदेश के पत्रकारों की पेंशन को 10 हज़ार रुपए से बढ़ाकर 15 हज़ार रुपए करने की भी मंज़ूरी दे दी है।
- मंत्रिमंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिये स्टेट कैरिज बसों के किराये में पाँच रुपए तक के किराये को राउंड ऑफ करने की मंज़ूरी दी है। साढ़े सात किमी. तक यात्रा करने पर पाँच रुपए और आठ से दस किमी. की यात्रा करने पर दस रुपए लिये जाएंगे। इससे अब आम जनता के साथ-साथ कंडक्टरों को भी सिक्कों और चेंज जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।





## अंबाला में घरेलू एयरपोर्ट की भूमि का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

### चर्चा में क्यों?

15 अक्तूबर, 2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंबाला के पहले घरेलू एयरपोर्ट का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंबाला में हवाई अड्डा बनने से इस क्षेत्र में निवेश और उद्योग बढ़ेगा, जिससे रोज़गार के अधिक अवसर पैदा होंगे।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग साढ़े 20 करोड़ रुपए की लागत से 20 एकड़ ज़मीन पर टर्मिनल बनाया जाएगा। यह टर्मिनल बनने के बाद हवाई गतिविधियाँ शुरू होने में बहुत ज़्यादा समय नहीं लगेगा, क्योंकि रनवे और बाकी व्यवस्था पहले से बनी हुई है।
- उन्होंने कहा कि अभी तक अंबाला का एयरफोर्स का ये स्टेशन सिविल एअरपोर्ट नहीं था, लेकिन यहाँ सिविल एयरपोर्ट बनने से इसका लाभ छोटे हवाई अड्डों को मिलेगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 'उड़ान योजना' के तहत रूट्स के लिये आवेदन किया हुआ है, जल्द ही अनुमति मिल जाएगी। देहरादून, लखनऊ, अमृतसर, जयपुर, शिमला जैसे रूट में से कुछ रूट पर तुरंत स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इससे अंबाला और इसके आसपास के ज़िलों के लोगों को बहुत बड़ी सुविधा होगी।



## कैथल के सांपन खेड़ी गाँव में मुख्यमंत्री ने किया मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास

### चर्चा में क्यों ?

16 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कैथल के सांपन खेड़ी गाँव में करीब 950 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया।

### प्रमुख बिंदु

- 20 एकड़ भूमि पर बनने वाले भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अगले ढाई साल में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- कैथल में मेडिकल कॉलेज बनने से ज़िले के साथ पड़ोसी ज़िलों व पंजाब के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस समय पास के ज़िला करनाल को छोड़कर अन्य किसी भी पड़ोसी ज़िले में मेडिकल कॉलेज नहीं है। सांपनखेड़ी में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के बाद जींद, कुरुक्षेत्र और पंजाब के संगरूर ज़िले के खनौरी और पातड़ा क्षेत्र के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।
- गौरतलब है कि इस समय ज़िला नागरिक अस्पताल में सुविधाओं का काफी अभाव है। यहाँ पर सबसे बड़ी समस्या डॉक्टरों का न होना है। यहाँ पर स्वीकृत 56 में से महज 24 पदों पर ही डॉक्टर कार्यरत् हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण मरीज़ों को बेहतर इलाज यहाँ नहीं मिल पाता है।
- ज़िले में मेडिकल कॉलेज का निर्माणकार्य पूरा होने के बाद यहाँ पर स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार होगा। मेडिकल कॉलेज में ही 500 बेड का अस्पताल बनेगा। यहाँ पर 100 एमबीबीएस सीटें मिलने के बाद ज़िले के बच्चे डॉक्टर बन पाएंगे।
- इस अस्पताल के बनने के बाद यहाँ पर एक साथ काफी संख्या में लोग अपना इलाज करवाने के लिये आ सकेंगे, जबकि मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी अस्पताल में ही अपनी बेहतर सेवाएँ देकर जनता की सेवा कर पाएंगे।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस कॉलेज और अस्पताल से हरियाणा ही नहीं, आस-पास के राज्यों को फायदा मिलेगा। इस कॉलेज के निर्माण की घोषणा करनाल में 11 दिसंबर, 2022 को हुए ब्राह्मण महाकुंभ में की गई थी।
- उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने वर्ष 2014 से पहले छह मेडिकल कॉलेज बनाए थे, जिनमें एमबीबीएस की 700 सीटें थीं, लेकिन वर्तमान में प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज हैं और 2185 एमबीबीएस की सीटें हैं। आने वाले समय में फतेहाबाद, सिरसा, चरखी दादरी, पलवल सहित आठ नए मेडिकल कालेज स्थापित किये जाएंगे और आगामी चार सालों में एमबीबीएस की सीटें पाँच गुना बढ़कर 3500 हो जाएंगी।

नोट :






## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नो प्रॉफिट नो लॉस के मूलमंत्र के साथ स्थापित किये जा रहे अस्पताल की आधारशिला रखी

### चर्चा में क्यों ?

15 अक्तूबर, 2023 को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने टीडीआई सिटी कुंडली के एल-ब्लॉक में नो प्रॉफिट नो लॉस के मूलमंत्र के साथ स्थापित किये जा रहे समर्पण हार्ट एंड कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी।

### प्रमुख बिंदु

- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसके मॉडल का लोकार्पण करते हुए 'एक रुपए एक ईंट' का संदेश देने वाले महाराजा अग्रसेन की जयंती की बधाई दी।
- अस्पताल की शुरुआत 50 बिस्तरों की सुविधा से की जाएगी, जिसे निकट भविष्य में 500 बिस्तरों की सुविधा वाले अस्पताल में तब्दील किया जाएगा।

नोट :

- पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि समर्पण संस्था ने जन-जन तक चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने की दिशा में अपने उत्तरदायित्वों की अनुकरणीय पूर्ति की है, जिसके तहत रक्तदान शिविर, कोरोना काल में लोगों को भोजन व ऑक्सीजन सिलेंडरों की मदद, मेडिसिन बैंक आदि का संचालन भी शामिल है।
- उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष कैंसर व हृदय रोग से लाखों लोग ग्रसित हो रहे हैं, जिससे बचाव के लिये जागरूकता ज़रूरी है। उचित प्राथमिक उपचार से ऐसे रोगियों के प्राणों की रक्षा की जा सकती है। यह अस्पताल भी नि:शुल्क एवं रियायती दरों पर चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करेगा।

# विश्व धरोहर एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर अग्रोहा

## चर्चा में क्यों?

15 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में अग्रोहा धाम के ऐतिहासिक पुरातत्त्व स्थल पर एक प्रतिष्ठित संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। साथ ही राखीगढ़ी की तर्ज़ पर अब ऐतिहासिक स्थल अग्रोहा को विकसित किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचकूला में प्रथम नवरात्रि के अवसर पर माता मनसा देवी मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।
- मनोहर लाल ने कहा कि अग्रोहा के पुरातात्त्विक स्थल को महाराजा अग्रसेन की राजधानी माना जाता है। इस स्थल के विकसित होने से न केवल आस्था का यह केंद्र विश्व में अपनी पहचान बनाएगा, बल्कि यह स्थल पर्यटन के रूप में भी विख्यात होगा।
- केंद्र सरकार ने अग्रोहा पुरातात्त्विक स्थल एवं निकटवर्ती क्षेत्र का समग्र विकास राखीगढ़ी मॉडल के अनुसार एमओयू के माध्यम से करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।
- उन्होंने बताया कि अग्रोहा पुरातत्त्व स्थल की खुदाई भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा राज्य पुरातत्त्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। खुदाई शुरू करने से पहले, राज्य सरकार द्वारा संभावित क्षेत्रों में जीपीआर सर्वेक्षण किया जाएगा। उसके बाद एएसआई और हरियाणा सरकार के बीच जॉइंट एमओयू होगा।
- विदित हो कि हरियाणा के हिसार ज़िले में केंद्रीय संरक्षित स्थल अग्रोहा में उत्खनन के संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी को अगस्त माह में पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने इच्छा जताई थी कि हरियाणा सरकार प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर अग्रोहा, तहसील आदमपुर, ज़िला हिसार में पुरातात्त्विक विरासत को उजागर करना चाहती है, ताकि राज्य के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण अध्याय जुड़े।
- उन्होंने इस स्थल को हरियाणा में एक भव्य विरासत स्थल में बदलने और पुरातत्त्व स्थल संग्रहालय की स्थापना के लिये एक परियोजना शुरू करने का भी अनुरोध किया है।
- खुदाई के दौरान अग्रोहा जनपद (गणराज्य) के सिक्कों की खोज और महाभारत सहित प्राचीन साहित्य में इसका प्राचीन नाम 'अग्रडोका' का आना इसके गणतंत्र का मुख्यालय होने के पर्याप्त प्रमाण हैं।
- अग्रोहा शहर तक्षशिला और मथुरा के बीच प्राचीन व्यापार मार्ग पर स्थित था और इसलिये यह वाणिज्य और राजनीतिक गतिविधियों का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र बना रहा। पहले की खुदाई से इस स्थल की क्षमता साबित हुई और लगभग चौथी शताब्दी से लेकर चौदहवीं शताब्दी ईस्वी तक की पाँच अलग-अलग सांस्कृतिक अवधियों का पता चला है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्त हरियाणा में 100 से अधिक पुरातत्त्व स्थलों की पहचान की गई है। इन्हें केंद्र व राज्य सरकार मिलकर विकसित कर रही हैं। जिस प्रकार राखीगढ़ी की विरासत को संरक्षित करने के लिये केंद्र सरकार द्वारा लगभग 23 करोड़ रुपए प्रदान किये जा रहे हैं, उसी प्रकार अग्रोहा के लिये भी वित्तपोषण प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार भी पर्याप्त मात्रा में बजट उपलब्ध करवाएगी।

नोट :

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अटेली के मनीष सैनी को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया

### चर्चा में क्यों ?

17 अक्तूबर, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा के महेंद्रगढ़ ज़िले के मंडी अटेली कस्बे के निवासी मनीष सैनी को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया।

### प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में विभिन्न श्रेणियों में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में वर्ष 2021 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने वहीदा रहमान को वर्ष 2021 के लिये दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी सम्मानित किया।
- हरियाणा के महेंद्रगढ़ ज़िले के अटेली कस्बे के रहने वाले मनीष सैनी को उनकी गुजराती फिल्म 'गांधी एंड कंपनी' के लिये राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया है। लेखक और निर्देशक के तौर पर यह उनकी दूसरी फिल्म है।
- उनकी फिल्म 'गांधी एंड कंपनी' एक गुजराती कॉमेडी बाल फिल्म है, जो मनोरंजक तरीके से ईमानदारी और सद्भाव के गांधीवादी मूल्यों की पृष्ठभूमि के साथ एक कहानी कहती है। यह फिल्म आने वाली उम्र का पारिवारिक ड्रामा है, जो पारिवारिक दर्शकों के लिये है।
- उल्लेखनीय है कि मनीष सैनी एक लेखक और निर्देशक हैं, जिनको इससे पहले भी राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। मनीष सैनी ने गुजराती फिल्म 'ढह' का भी निर्देशन किया था। इसे भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा मनीष सैनी को इंटरनेशनल लेवल पर भी काफी सारी फिल्मों के लिये सम्मानित किया जा चुका है।
- मनीष सैनी मूलरूप से हरियाणा के अटेली विधानसभा के रहने वाले हैं। मनीष सैनी ने अपनी शिक्षा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन अहमदाबाद से पूरी की है।



## ग्लोबल सिटी के रूप में विकसित होगा अग्रोहा

### चर्चा में क्यों ?

16 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में बताया कि अग्रोहा के पुरातात्त्विक स्थल के उत्खनन की अनुमति मिलने के बाद अग्रोहा को ग्लोबल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि अग्रोहा के 20 किलोमीटर परिधि के दायरे में यह शहर विकसित होगा, जो सिंगापुर, मॉरीशस की तरह अपनी पहचान बनाएगा।
- अग्रोहा कल्चरल टूरिज्म को विश्व स्तर पर पहचान देने का काम करेगा। इसमें महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने अग्रोहा को लेकर अपना विज़न डाक्यूमेंट मीडिया से साझा करते हुए बताया कि अग्रसेन ग्लोबल सिटी कनेक्टिविटी के हिसाब से बेहद महत्त्वपूर्ण लोकेशन है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन का केंद्र बन सकती है। यहाँ आभ्या महालक्ष्मी का 108 फीट ऊँचा मंदिर बनाया जा रहा है, जिस पर 100 करोड़ रुपए की लागत आएगी।
- पुरातत्त्व तथा धार्मिक महत्त्व और हड़प्पा संस्कृति के जुड़ाव के चलते यहाँ पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। इंडस सरस्वती साइट्स के अलावा राखीगढ़ी, बनावली, बिरडाना, कुनाल, हिसार के साथ-साथ अग्रोहा भी पर्यटन के लिहाज से दुनिया के सबसे बड़े सर्किट में से एक होगा।
- डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार राखीगढ़ी की तर्ज़ पर यहाँ एक बड़ा म्यूजियम विकसित करने की योजना बना रही है। अग्रोहा पुरातत्त्व स्थल की खुदाई का कार्य भारतीय सर्वेक्षण की उत्खनन शाखा (एएसआई) व हरियाणा राज्य पुरातत्त्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।
- मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि अग्रोहा टीले की खुदाई के संबंध में केंद्र सरकार ने स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि 1888-89 में पहली बार ब्रिटिश काल में टीले की खुदाई हुई थी। दूसरी बार 1938-39 में तथा तीसरी बार 1978-79 में खुदाई हुई थी। अब चौथी बार खुदाई का काम शुरू होगा।
- सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत अग्रोहा विश्व स्तर के पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिसमें महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट अहम भूमिका निभाएगा। हिसार एयरपोर्ट को फेज 2 में 7200 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। भविष्य में इसके साथ लगती करीब 10 हज़ार एकड़ ज़मीन को भी इंटीग्रेटिड एविएशन हब के लिये उपयोग किया जाएगा।



नोट :



## हरियाणा की आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता श्रीमती सुदेश यादव बेस्ट आंगनवाड़ी वर्कर अवॉर्ड से सम्मानित

### चर्चा में क्यों?

16 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा निदेशालय से मिली जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता श्रीमती सुदेश यादव को पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन पर सौ प्रतिशत डाटा फीडिंग करने, पोषण वाटिका स्थापित करने एवं पोषण माह के दौरान अधिकाधिक गतिविधियाँ आयोजित करने के लिये बेस्ट आंगनवाड़ी वर्कर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिये प्रोटोकॉल लॉन्च कार्यक्रम में सुदेश यादव को यह सम्मान दिया गया।
- कार्यक्रम में राज्य के महिला एवं बाल विकास और आयुष मंत्री के साथ-साथ, महिला और बाल विकास एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिवों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में हरियाणा की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार के साथ अन्य ज़िला अधिकारियों, 165 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया।
- महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त अमनीत पी कुमार ने बताया कि यह प्रोटोकॉल एक तरह से समुदाय स्तर पर कुपोषित बच्चों की पहचान और प्रबंधन के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश है जिसमें रेफरल, पोषण प्रबंधन और फॉलो-अप पर ध्यान देना शामिल है। यह दिशा-निर्देश हरियाणा राज्य में कुपोषण के प्रबंधन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण देने में सहायक होगा।
- इस कार्यक्रम में देश भर से महिला एवं बाल स्वास्थ्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, यूनिसेफ, भारतीय मेडिकल संघ (आईएमए), अंतर्राष्ट्रीय बाल चिकित्सा संघ, भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक और बिल मेलिंडा गेट्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय और अन्य संगठनों के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

### चर्चा में क्यों?

16 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने शहरी स्थानीय निकाय में लगे कर्मचारियों को मेडिकल सेवाओं का लाभ देने के लिये आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हरियाणा कौशल रोज़गार निगम (एचकेआरएन) के तहत राज्य के विभिन्न विभागों में लगे कर्मचारियों को चिरायु योजना में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि अब शहरी स्थानीय निकाय के जो कर्मचारी ईएसआई स्कीम में कवर नहीं होते और 21 हज़ार रुपए से अधिक सैलरी ले रहे हैं, उन्हें मेडिकल सेवाओं का लाभ दिया जाएगा।
- नगर परिषद, नगर पालिका एवं नगर निगमों में लगे कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसके इलाज का खर्च भी सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- किसी सफाई कर्मचारी, सीवरमैन, फायरमैन, फायर ड्राइवर की अचानक मृत्यु हो जाती है तो उसे मुख्यमंत्री कर्मचारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपए का बीमा प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही एडहॉक, डेलीवेज व कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी को भी 3 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
- मुख्य सचिव ने कहा कि जो कर्मचारी कौशल रोज़गार दायरे से बाहर हैं, उन्हें भी स्वास्थ्य लाभ देने पर विचार किया गया। ऐसे कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिये जल्द ही मुख्यमंत्री से अनुमति ली जाएगी, ताकि शहरी स्थानीय निकाय व अन्य विभागों के सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

## गृह मंत्री ने अंबाला-साहा रोड के साथ सिविल अस्पताल परिसर में फुट एस्केलेटर ओवरब्रिज के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

### चर्चा में क्यों?

17 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला-साहा रोड के साथ सिविल अस्पताल परिसर में फुट एस्केलेटर ओवरब्रिज के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह फुट एस्केलेटर ओवरब्रिज दो करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- शिलान्यास के उपरांत गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला-साहा रोड के साथ अंबाला के सिविल अस्पताल परिसर में फुट एस्केलेटर ओवरब्रिज हरियाणा की किसी सड़क पर लगने वाला शायद पहला एस्केलेटर होगा।
- उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल में रोज़ाना तीन हज़ार से अधिक की ओपीडी है और अंबाला-साहा रोड पर बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए यहाँ फुट एस्केलेटर ओवरब्रिज मंज़ूर करवाया गया है।
- उन्होंने कहा कि लोग बिना रोड पर जाए हिल रोड से सीधा पुल पर चढ़कर सिविल अस्पताल में आ-जा सकेंगे। पुल पर चढ़ने के लिये यहाँ एस्केलेटर लगेंगे, जिससे अस्पताल में आने वाले लोगों को लाभ मिलेगा।



नोट :

## हरियाणा के दूसरे ज़िलों में भी पीपीपी मोड में खोले जाएंगे सैनिक स्कूल

### चर्चा में क्यों?

17 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल में कुंजपुरा के सैनिक स्कूल में आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल-2023 के समापन समारोह में कहा कि हरियाणा के दूसरे ज़िलों में भी पीपीपी मोड में सैनिक स्कूल खोले जाएंगे।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इससे हरियाणा के युवाओं की सेना में भागीदारी बढ़ेगी और बड़ी संख्या में अग्निवीर तैयार होंगे। उन्होंने कुंजपुरा के सैनिक स्कूल को आधारभूत ढाँचे के लिये 10 करोड़ रुपए की ग्रांट देने की घोषणा की।
- विदित हो कि हरियाणा में पहली बार अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न सैनिक स्कूलों के 650 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।
- इस प्रतियोगिता के आयोजन से प्रतिभागी खिलाड़ियों में से कई को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिये चयन का मौका मिलेगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार इन प्रतियोगिताओं में गर्ल्स कैडेट्स ने भी भाग लिया, जो नारी सशक्तिकरण का पर्याय है। यह 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की भावना को भी चरितार्थ करता है। प्रधानमंत्री ने 2015 में हरियाणा से ही 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का नारा दिया था।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हरियाणा को स्पोर्ट्स पावर हाउस बनाने के लिये खेल संस्कृति को विकसित किया है। ग्राम से लेकर राज्य स्तर तक खेलों का बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। हाल ही में चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 107 में से 30 पदक जीते हैं।
- उन्होंने कहा कि देश में सैनिक स्कूलों की स्थापना 1961 से की गई, तब से एनडीए, आईएमए, ओटीए, आईएएनए, एएफए और अन्य प्रतिष्ठित रक्षा संस्थानों में कैडेटों को शामिल करने में सराहनीय योगदान दे रहे हैं। इन स्कूलों से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों ने भारतीय प्रशासनिक सेवाओं, न्यायपालिका, चिकित्सा, इंजीनियरिंग सेवाओं के साथ-साथ राजनीति में भी नाम कमाया है।
- मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी में प्रथम व दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।
- इसके अलावा वॉलीबॉल में नगरोटा सैनिक स्कूल के इखलाक हसन, बास्केटबॉल में कुंजपुरा के अमन मलिक, हॉकी में तिलैया के शुभम कुमार को श्रेष्ठ खिलाड़ी और तिलैया के ही सचिन को बेस्ट गोलकीपर के रूप में सम्मानित किया।
- उन्होंने ओवरऑल स्कूल के रूप में सैनिक स्कूल तिलैया और ओवरऑल ग्रुप में डी ग्रुप को भी ट्रॉफी से नवाजा।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये कुंजपुरा सैनिक स्कूल की टीम को ट्राफी प्रदान की गई। खेलों में 30 से अधिक सैनिक स्कूलों के करीब 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इससे पूर्व प्रतिभागियों ने मार्चपास्ट किया।



## हरियाणा सरकार ने ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना के तहत 13 नई परियोजनाओं को मंज़ूरी दी

### चर्चा में क्यों ?

17 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम और महाग्राम योजना के तहत जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली 13 नई परियोजनाओं को प्रशासनिक मंज़ूरी प्रदान की।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि हरियाणा सरकार ने राज्य की ग्रामीण आबादी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए 284 करोड़ रुपए से अधिक की 13 नई परियोजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया है।
- ये परियोजनाएँ ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम और महाग्राम योजना के तहत नाबार्ड की ऋण सहायता से जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 4 ज़िलों, अर्थात् हिसार, जींद, सोनीपत और रेवाड़ी में क्रियान्वित की जाएंगी।
- राज्य सरकार ने ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत ज़िला रेवाड़ी के गाँव प्राणपुरा और मामरिया आसमपुर के लिये नहर आधारित जल आपूर्ति परियोजना को मंज़ूरी दी है। इसके अलावा ग्राम ममरिया ठठेर में जल आपूर्ति योजना के लिये अतिरिक्त भंडारण एवं अवसादन टैंक भी सुनिश्चित किया जाएगा।
- इनके अलावा, ज़िला रेवाड़ी के मौजूदा जल कार्यों में नहर आधारित जल आपूर्ति योजना खोरी समूह के 2 गाँवों मखारिया और चिमनावास में अवसादन टैंक, ज़िला भिवानी के भारवास में 8 गाँवों के जाटूवास समूह की मौजूदा जल आपूर्ति योजना के लिये अतिरिक्त भंडारण और अवसादन टैंक, रेवाड़ी ज़िले के ग्रामीण क्षेत्रों के नहर आधारित जल कार्यों में कच्चे पानी के लिये नवीनीकरण और अतिरिक्त भंडारण, ज़िला रेवाड़ी के खेड़ी मोतला में 4 गाँवों के बोलनी समूह की मौजूदा जल आपूर्ति योजना के लिये अतिरिक्त भंडारण और अवसादन टैंक का निर्माण किया जाएगा।
- महाग्राम योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएँ-
  - ज़िला हिसार- गाँव गंगवा में पेयजल योजना (लागत 36.52 करोड़ रुपए) और सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराना (लागत 36.21 करोड़ रुपए), गाँव सदलपुर में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराना (लागत 25.72 करोड़ रुपए) तथा जलापूर्ति योजना का विस्तार (लागत 22.72 करोड़ रुपए)।
  - ज़िला जींद- गाँव छात्तर में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराना (लागत 30.95 करोड़ रुपए) और पेयजल आपूर्ति का विस्तार (लागत 18.36 करोड़ रुपए)।
  - ज़िला सोनीपत- गाँव खेवड़ा में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराना (लागत 19.86 करोड़ रुपए) और पेयजल आपूर्ति का विस्तार (लागत 6.61 करोड़ रुपए)।
- इस संबंध में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इन नहर आधारित जल कार्यों के नवीनीकरण के बाद नए कार्यों के निर्माण से 15 वर्ष की संभावित 1.63 लाख आबादी को सीधा लाभ होगा।
- प्रवक्ता ने आगे बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) की आपूर्ति सुनिश्चित करने वाला हरियाणा पहले ही प्रथम राज्य बन चुका है। केंद्र सरकार ने इस मिशन के तहत 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल से स्वच्छ पेयजल देने का लक्ष्य रखा था, जबकि राज्य सरकार ने यह लक्ष्य काफी पहले ही हासिल कर लिया है।

## मुख्यमंत्री ने ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत 10 नए कार्यों को दी मंज़ूरी

### चर्चा में क्यों ?

18 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य में जल आपूर्ति में सुधार के प्रयासों के तहत 4 ज़िलों नामत: कैथल, सिरसा, रोहतक और जींद में ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत 113 करोड़ रुपए से अधिक के 10 नए कार्यों को प्रशासनिक मंज़ूरी प्रदान की।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- इस संबंध में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में तीन गाँवों (ठोबरियाँ, मिर्ज़ापुर और तलवाड़ा खुर्द) तथा 4 ढाणियों (मोजू की ढाणी, टिब्बा की ढाणी, दया सिंह थेड़, बाज़ीगर ढाणी) के लिये नहर आधारित जलापूर्ति योजना के कार्य शामिल हैं।
- साथ ही ज़िला सिरसा के विभिन्न गाँवों में मोजू की ढाणी में वॉटर वर्क्स का निर्माण, गाँव खारी सुरेरां में मौजूदा जल आपूर्ति योजना का विस्तार और सामान्य पंपिंग स्टेशन बनाकर 9 मौजूदा वॉटर वर्क्स को शेरांवाली डिस्ट्रीब्यूटरी से ताजा पानी उपलब्ध करवाने के कार्य शामिल हैं।
- इनके अलावा, ज़िला सिरसा में गाँव संत नगर, दलीप नगर, टिगरी और सहरानी में नहर आधारित वॉटर वर्क्स, कैथल ज़िले के गाँव ढांड ब्लॉक में जल आपूर्ति योजना का विस्तार और वितरण प्रणाली का उन्नयन कार्य को भी मंज़ूरी दी गई है।
- प्रवक्ता ने बताया कि ज़िला सिरसा में गाँव मौजदीन एवं गाँव ओट्टू में नहर आधारित वाटर वर्क्स, ज़िला रोहतक के गाँव बालंद में बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण के साथ-साथ रोहतक पंप हाउस से दूसरे वाटर वर्क्स और पहले वाटर वर्क्स तक डीआई पाइप बिछाने के साथ जेएलएन नहर से ताज़े पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के कार्य को भी मंज़ूरी दी गई।
- मुख्यमंत्री ने जींद शहर की विभिन्न कॉलोनियों में सीवर लाइनें बिछाने और सभी क्षतिग्रस्त मौजूदा सीवर लाइनों को बदलने की भी मंज़ूरी प्रदान की।
- प्रवक्ता ने बताया कि जींद शहर के 90 प्रतिशत हिस्से में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराई गई है, जिसमें सीवर लाइनों की कुल लंबाई 465 किलोमीटर है। सीवेज उपचार संयंत्रों तक सीवर पंपिंग के लिये 16 सीवर पंपिंग स्टेशन स्थापित किये गए हैं। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप सीवेज उपचार के लिये 27 एमएलडी क्षमता वाले 3 सीवेज उपचार संयंत्र भी स्थापित किये गए हैं।
- विभिन्न कॉलोनियों में कई स्थानों पर सीवर लाइनें बहुत पुरानी हो चुकी हैं और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, जिनकी मरम्मत नहीं की जा सकती है या मरम्मत की लागत नई लाइनों के बराबर है। इसलिये 8.21 करोड़ रुपए की लागत से नई सीवर लाइनों के प्रावधान को मंज़ूरी दी गई है।



## हरियाणा में 15 खेलो इंडिया केंद्रों का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

20 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटर द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री (एमवाईएएस) अनुराग सिंह ठाकुर की वर्चुअल उपस्थिति में हरियाणा में कुल 15 खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) का शुभारंभ किया गया।

नोट :

## प्रमुख बिंदु

- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम को वर्चुअल रूप में संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने पहले ही देश भर में 1000 खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) को अधिसूचित कर दिया है।
- उन्होंने कहा कि हरियाणा में शुरू किये गए ये 15 खेलो इंडिया केंद्र भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने में मदद करेंगे। इन केंद्रों में 15 पूर्व चैंपियन एथलीटों को शामिल किया जाएगा, जो पदक जीतने को उत्सुक अगली पीढ़ी के एथलीटों को प्रशिक्षित करेंगे।
- 'खेलो इंडिया' योजना के माध्यम से, भारत सरकार ने जहाँ एथलीटों को सर्वोत्तम संभव तरीके से समर्थन प्रदान किया है, वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री भी वित्तीय और नौकरी संबंधी सहायता के माध्यम से एथलीटों को प्रेरित करने में सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।
- केआईसी में, पूर्व चैंपियन एथलीट युवाओं के प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक बनते हैं, स्वायत्त तरीके से खेल प्रशिक्षण केंद्र चलाते हैं और अपनी आजीविका कमाते हैं। 'खेलो इंडिया' योजना के तहत इन पूर्व चैंपियनों के साथ-साथ इन केंद्रों को खेल प्रशिक्षण, कोचिंग और संचालन के लिये प्रारंभिक और वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।
- प्रखंड या ज़िला स्तर पर स्कूलों, संगठनों और अन्य पात्र एजेंसियों में उपलब्ध मौजूदा खेल संबंधी बुनियादी ढाँचे के उपयोग को बढ़ाने हेतु, छोटे खेलो इंडिया केंद्र ज़मीनी स्तर पर खेल इकोसिस्टम को मज़बूत करने में सहायता करते हैं।







नोट :

## हरियाणा सरकार ने पत्रकारों की मासिक पेंशन में की रिकॉर्ड बढ़ोतरी

### चर्चा में क्यों?

19 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान बताया कि राज्य सरकार ने पत्रकारों को दी जा रही मासिक पेंशन 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दी है, जो देश भर में सर्वाधिक है।

### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पत्रकारों के कल्याण के उद्देश्य से निरंतर अनूठी एवं अग्रणी योजनाएँ लागू की जा रही हैं। इसी कड़ी में हाल ही में पत्रकारों को दी जा रही मासिक पेंशन 10,000 से रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए की गई है।
- इसके अतिरिक्त, हरियाणा मीडिया कार्मिक कल्याण निधि प्रशासन योजना के तहत बीमारी, मृत्यु, दुर्घटना या अन्य अप्रत्याशित आपात स्थितियों जैसी गंभीर ज़रूरतों के मामलों में उनके आश्रितों या कानूनी उत्तराधिकारियों को अब तक 161.74 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।
- डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पत्रकारों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में 1,269 मान्यताप्राप्त पत्रकारों के लिये 10 लाख रुपए की एक टर्म/ग्रुप बीमा योजना भी लागू की जा रही है। यह बीमा योजना पत्रकारों को आवश्यक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है।
- विदित हो कि राज्य में पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना की गई है, जिसके तहत गंभीर बीमारी के इलाज के लिये वित्तीय सहायता दी जाती है।



## आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा योजना में महेंद्रगढ़ ज़िला पहले पायदान पर

### चर्चा में क्यों?

22 अक्तूबर, 2023 को चिरायु हरियाणा योजना के ज़िला सूचना प्रबंधक उमेश सैनी ने बताया कि आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा योजना के तहत नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ देने में ज़िला महेंद्रगढ़ प्रदेश में पहले स्थान पर है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि पिछले महीने आई.आई.एम. रोहतक की एक टीम ने ज़िला महेंद्रगढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं और आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा योजना के पैनल वाले अस्पतालों का दौरा किया था और ज़िला महेंद्रगढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं को उनके सर्वेक्षण में प्रथम स्थान दिया गया है।

- ज़िला सूचना प्रबंधक उमेश सैनी ने बताया कि विगत दिनों प्रदेश के सभी ज़िलों की सरकारी सुविधाओं में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पैनलीकरण और ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस) में रोगी पंजीकरण से संबंधित आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।
- प्रदेश के अधिक-से-अधिक नागरिकों को इस योजना का लाभ देने के लिये हरियाणा सरकार ने चिरायु आयुष्मान भारत योजना के विस्तारीकरण का पोर्टल लॉन्च किया है। अब प्रदेश में 1.80 लाख से 3 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- हरियाणा सरकार ने चिरायु आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.80 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को पहले ही इस योजना में शामिल किया हुआ है। यह परिवार सरकारी अथवा पैनल के निजी अस्पताल में पाँच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं।
- चिरायु आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.80 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को योजना में शामिल होने के लिये किसी प्रकार का भुगतान नहीं करना पड़ता।
- हरियाणा सरकार ने अब इसका विस्तार करते हुए योजना के तहत 3 लाख रुपए तक की आय वाले परिवारों को भी शामिल किया है। लाभार्थी को पंजीकरण करवाने के लिये चिरायु आयुष्मान हरियाणा डॉट इन पर 1500 रुपए भुगतान करना होगा।
- ज़िला महेंद्रगढ़ में विस्तारित चिरायु हरियाणा लागू होने के बाद अब तक 1763 परिवारों ने अपना पंजीकरण करवाया है। इस योजना में अब तक 346192 नागरिक अपना आयुष्मान चिरायु कार्ड बनवा चुके हैं। इस वर्ष अब तक 22000 से अधिक लाभार्थियों ने 30 करोड़ से अधिक रुपए का मुफ्त इलाज विभिन्न पैनल के निजी अस्पताल तथा सरकारी अस्पतालों में करवाया है।

## राज्य स्तरीय सांझी उत्सव-2023 संपन्न

### चर्चा में क्यों?

24 अक्तूबर, 2023 को हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के ठोस प्रयास के तहत हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा हरियाणा लोक कला संघ, रोहतक के सहयोग से संयुक्त रूप से राज्य स्तरीय सांझी उत्सव-2023 कार्यक्रम का आयोजन रोहतक में संपन्न हुआ।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि यह कार्यक्रम युवा पीढ़ी को समृद्ध हरियाणवी संस्कृति से परिचित कराने के साथ-साथ उसे संरक्षित करने की एक पहल है। इसके तहत 15 से 24 अक्तूबर तक विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिसमें राज्य के कोने-कोने से ग्रामीण महिलाओं के साथ-साथ स्कूल और कॉलेज के छात्रों की भागीदारी देखी गई।
- राज्य स्तरीय सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता में विजेताओं को क्रमशः प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 31,000 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 21,000, रुपए और दो सांत्वना पुरस्कार 11,000 रुपए प्रत्येक को दिये गए।
- सांझी प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों के समर्पण और प्रतिभा को पहचानते हुए, विभाग ने छह प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिनमें से प्रत्येक को 5100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।
- इसके अलावा, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक महिला और छात्रा को एक प्रशस्ति पत्र और 1100 रुपए का पुरस्कार मिलेगा। इस प्रतियोगिता में राज्य भर से लगभग 200 महिलाओं की भागीदारी रही।
- राज्य स्तरीय सांझी महोत्सव एवं प्रतियोगिता में रोहतक की मंजू को प्रथम पुरस्कार, संगीता को दूसरा, स्नेह ढुल को तीसरा, जींद की रेखा को चौथा और सुनीता रानी को पाँचवाँ पुरस्कार दिया गया।
- प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में झज्जर की अंजलि और शीलम, रोहतक की इंदु भावना, पंचकूला की अमिता ढांडा और सोनीपत की सीता और सुमन शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि देश में नवरात्रि का उत्सव अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग नाम और अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। उत्तर भारत के राज्य जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के ज़्यादातर इलाकों में सांझी उत्सव मनाया जाता है। यहाँ माँ दुर्गा को साँझी माता के रूप में पूजा जाता है।

नोट :

- सांझी उत्सव में घर की महिलाएँ और लड़कियाँ गाँव-देहात में तालाब या नदी से मिट्टी लाकर घर में ही दीवार पर साँझी माता की आकृति उकेरती हैं और फिर 10 दिनों तक उनकी पूजा की जाती है।









## 15 ज़िलों के लिये 1300 करोड़ रुपए से अधिक की 30 जल आपूर्ति और 9 सीवरेज परियोजनाओं को मिली मंज़ूरी

### चर्चा में क्यों ?

23 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जलापूर्ति व सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत 15 ज़िलों के लिये 1300 करोड़ रुपए से अधिक की 30 जल आपूर्ति और 9 सीवरेज परियोजनाओं को प्रशासनिक मंज़ूरी प्रदान की है।

### प्रमुख बिंदु

- इन 15 ज़िलों में 1018 करोड़ रुपए की लागत की 30 जल आपूर्ति परियोजनाएँ और 283 करोड़ रुपए की लागत से 9 सीवरेज परियोजनाएँ 'अमृत 2.0' के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाएंगी।
- इन ज़िलों में अंबाला, हिसार, कैथल, कुरुक्षेत्र, जींद, पंचकूला, रोहतक, फतेहाबाद, सिरसा, चरखी दादरी, यमुनानगर, करनाल, भिवानी, महेंद्रगढ़ और पलवल शामिल हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी की 425 करोड़ रुपए से अधिक की 18 जल आपूर्ति परियोजनाएँ पाइपलाइन में हैं, जिन्हें जल्द ही मंज़ूरी प्रदान कर दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने ज़िला सिरसा के रानिया शहर के लिये, नहर आधारित वाटर वर्क्स के निर्माण के लिये ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि की खरीद के लिये 14.15 करोड़ रुपए प्रशासनिक मंज़ूरी प्रदान की।

## महिला सुरक्षा को लेकर हरियाणा-112 में नई पहल है 'सेफ जर्नी'

### चर्चा में क्यों ?

25 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि पुलिस विभाग अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए जल्द ही महिला सुरक्षा को लेकर हरियाणा-112 पर नई पहल 'सेफ जर्नी'अर्थात् 'सुरक्षित यात्रा' शुरू करने जा रहा है।

### प्रमुख बिंदु

- पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर शुरू की जा रही नई पहल 'सेफ जर्नी'से महिलाओं में सुरक्षा भावना को और अधिक बल मिलेगा और वे सफर करते समय अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकेंगी।
- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि प्रदेश में महिलाएँ घरों से बाहर भी अपने आप को सुरक्षित महसूस करें, इसी उद्देश्य के साथ हरियाणा-112 अब महिला यात्रियों के लिये 'सेफ जर्नी' अर्थात् 'सुरक्षित यात्रा'का कॉन्सेप्ट लेकर आ रहा है।
- इसके तहत अब महिलाएँ 112 डायल करके अपने आप को रजिस्टर करते हुए एडवांस में अपनी यात्रा संबंधी जानकारी हरियाणा-112 की टीम के साथ शेयर कर सकेंगी। इसके लिये महिलाएँ अपनी डिटेल, जैसे- नाम, मोबाइल नंबर, प्लेस ऑफ डिपार्चर, प्लेस ऑफ अराइवल, एक्सपेक्टेड टाइम ऑफ डिपार्चर व अराइवल आदि जानकारी साझा करेंगी। इसके बाद, हरियाणा-112 की टीम महिला के संपर्क में रहेगी। इस दौरान टीम के सदस्यों द्वारा लोकेशन ट्रैक की जाती रहेगी।
- बैठक में एडीजीपी टेलीकॉम-आईटी ने बताया कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिये व्हाट्सएप नंबर पर भी काम किया जा रहा है और इसके माध्यम से प्रदेशवासियों को समय-समय पर हरियाणा-112 के बारे में अपडेट किया जाता रहेगा।
- इस नंबर के माध्यम से भी हरियाणा पुलिस की सुविधाओं व सेवाओं संबंधी जानकारी आम जनता तक पहुँचाई जाएगी, ताकि लोग आवश्यकता अनुरूप इनका लाभ उठा सकें।
- इसके साथ ही प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिये पब्लिक ट्रांसपोर्ट, जैसे - ओला, उबर तथा ऑटो आदि पर भी हरियाणा पुलिस द्वारा स्टिकर लगाए जा रहे हैं, जिसमें ऑटो चालक का नाम, मोबाइल नंबर, वाहन का नंबर आदि सहित अन्य जानकारी उपलब्ध करवाई गई है।

- एडीजीपी टेलीकॉम-आईटी ने बताया कि 31 अक्तूबर तक प्रदेश में अधिकांश ज़िलों के ऑटो चालकों तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का डाटाबेस तैयार हो जाएगा।
- बैठक में बताया गया कि सितंबर 2023 में हरियाणा-112 के माध्यम से 5 लाख 22 हज़ार से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। एमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल (ईआरवी) को शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 8 मिनट से लेकर 15 मिनट तक निर्धारित किया गया है।



# प्रदेश के 124 पीएम श्री स्कूलों का हुआ लोकार्पण

## चर्चा में क्यों?

25 अक्तूबर, 2023 को रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ प्रथम चरण में प्रदेश के 124 पीएम श्री विद्यालयों का लोकार्पण किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस दौरान उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार से शिक्षा विभाग के स्कूल ऐप और निपुण कार्यक्रम के मोबाइल एप्लीकेशन को भी लॉन्च किया, जिसका विद्यार्थियों को खासा लाभ मिलेगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में शुरू किये गए 4000 प्ले वे स्कूल को अब 'बाल वाटिका स्कूल' के नाम से जाना जाएगा। सरकार द्वारा इतने ही और स्कूल भी भविष्य में शुरू किये जाएंगे। बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिये आंगनबाड़ी केंद्रों को भी इन स्कूलों में परिवर्तित किया गया है।
- उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर में और सुधार के लिये प्रथम चरण में 124 पीएम श्री स्कूलों का नए सत्र से शुभारंभ होगा तथा दूसरे चरण में 128 स्कूलों के शुभारंभ के साथ ही इन स्कूलों की संख्या 252 हो जाएगी।
- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मॉडल संस्कृति स्कूलों की संख्या को 22 से बढ़ाकर 147 किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा प्रथम चरण में पीएम श्री के 124 स्कूलों के लिये 85 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई है। दूसरे चरण के 128 पीएम श्री स्कूलों के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई है।
- उन्होंने प्रदेश में शुरू की गई सुपर 100 योजना के सार्थक परिणामों की चर्चा करते हुए कहा कि अब तक 252 गरीब बच्चों का नीट, 127 बच्चों का आईआईटी तथा 26 बच्चों का एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में चयन हुआ है। सरकार द्वारा शीघ्र ही एनडीए की कोचिंग भी शुरू की जा रही है।

नोट :




## नगर निगम, नगर परिषद व समितियों के मेयर, अध्यक्ष सहित सदस्यों के मानदेय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी

### चर्चा में क्यों ?

26 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नगर निगम, नगर परिषद व समितियों के मेयर और अध्यक्ष सहित सदस्यों के मानदेय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की घोषणा की। बढ़ा हुआ मानदेय 1 अक्तूबर, 2023 से दिया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेयर को मिलने वाले 20,500 रुपए मासिक मानदेय को बढ़ाकर 30,000 रुपए किया गया है। इसी प्रकार, सीनियर डिप्टी मेयर के मानदेय 16,500 रुपए को बढ़ाकर 25,000 रुपए, डिप्टी मेयर के मानदेय 13,000 रुपए को बढ़ाकर 20,000 रुपए तथा पार्षदों का मानदेय 10,500 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए किया गया है।
- इसके अलावा, उन्होंने हिन्दी आंदोलन सत्याग्रहियों व आपातकालीन पीड़ितों की पेंशन 10 हज़ार रुपए से बढ़ाकर 15 हज़ार रुपए करने तथा सरकारी कर्मचारियों के डीए में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की।
- उन्होंने कहा कि नगर घ्परिषद के अध्यक्ष का मानदेय 10,500 रुपए से बढ़ाकर 18,000 रुपए, उपाध्यक्ष का मानदेय 7,500 रुपए से बढ़ाकर 12,000 रुपए, पार्षदों का मानदेय 7,500 रुपए से बढ़ाकर 12,000 रुपए किया गया है।
- नगर समितियों के अध्यक्ष का मानदेय 6,500 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपए, उपाध्यक्ष का मानदेय 4,500 रुपए से बढ़ाकर 8,000 रुपए तथा पार्षदों का मानदेय भी 4,500 रुपए से बढ़ाकर 8,000 रुपए किया गया है।
- ज़िला परिषद के अध्यक्षों का मानदेय 10,000 रुपए से बढ़ाकर 20,000 रुपए, उपाध्यक्ष का मानदेय 7,500 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए और सदस्यों का मानदेय 3,000 रुपए से बढ़ाकर 6,000 रुपए किया गया है।
- इसके अलावा, पंचायत समिति के अध्यक्षों का मानदेय 7,500 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए, उपाध्यक्ष का मानदेय 3,500 रुपए से बढ़ाकर 7,000 रुपए तथा सदस्यों का मानदेय 1,600 रुपए से बढ़ाकर 3,000 रुपए किया गया है।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा हिन्दी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकालीन पीड़ितों व विधवाओं को 10 हज़ार रुपए की मासिक पेंशन की सुविधा दी जा रही है। इस पेंशन राशि को बढ़ाकर भी 15 हज़ार रुपए किया जाता है।
- उन्होंने कहा कि परिवार पहचान-पत्र के डाटा के आधार पर 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले 42,431 लोगों की वृद्धावस्था सम्मान पेंशन बनाई गई है। पीपीपी के बनने से अब लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं।

नोट :

- मुख्यमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों के डीए में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के डीए में 42 प्रतिशत से 46 प्रतिशत की वृद्धि की है। अब 1 जुलाई, 2023 से हरियाणा के लगभग साढ़े 3 लाख कर्मचारियों को भी अतिरिक्त 4 प्रतिशत डीए का लाभ मिलेगा।



## अब कौशल विकास के ट्रेनिंग सेंटरों पर लगेगी 'आधार कार्ड' आधारित उपस्थिति

### चर्चा में क्यों?

25 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा कौशल विकास मिशन के निदेशक डॉ. विवेक अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार ने हरियाणा कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं के प्रशिक्षण हेतु चलाए जा रहे प्रदेश के सभी ट्रेनिंग सेंटरों पर 'आधार कार्ड'आधारित उपस्थिति शुरू करने का निर्णय लिया है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि प्रथम चरण में तीन ट्रेनिंग सेंटरों पर पायलेट योजना शुरू की गई, जो सफल रही है। इसी सफलता को देखते हुए अब पूरे राज्य के सभी ट्रेनिंग सेंटरों पर युवाओं की 'आधार कार्ड' आधारित उपस्थिति शुरू की जा रही है।
- निदेशक डॉ. विवेक अग्रवाल ने बताया कि राज्य के सभी ज़िलों में प्रशिक्षण भागीदारों के सहयोग से ट्रेनिंग सेंटरों पर अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं। ये प्रशिक्षण विभिन्न एनएसक्यूएफ संरेखित पाठ्यक्रमों में तीन से चार माह की अवधि के होते हैं।
- इन ट्रेनिंग सेंट्रों पर असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, ब्यूटीशियन, वेयर हाउस पैकर, ऑपरेटर, जूनियर एनालिस्ट, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर, योग इंस्ट्रक्टर, इंस्टालेशन तकनीशियन, क्राफ्ट बेकर जैसे कई प्रशिक्षण-कोर्स करवाए जाते हैं।
- डॉ. अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा कौशल विकास मिशन के तहत चल रहे विभिन्न ट्रेनिंग सेंटरों पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं की उपस्थिति के बारे में कुछ शिकायतें मिली थीं, जिन पर मिशन ने कार्रवाई करते हुए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर तीन ट्रेनिंग सेंटरों कुरुक्षेत्र, इंद्री (करनाल) व रेवाड़ी में आधार कार्ड आधारित ई-वेरीफिकेशन प्रणाली शुरू की। इसका परिणाम संतोषजनक पाया गया, इसलिये मिशन इसे भविष्य में प्रदेश के सभी केंद्रों पर शीघ्र ही लागू करेगा।

## आइडियाथॉन हरियाणा


### चर्चा में क्यों?

26 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) के प्रवक्ता ने बताया कि विभाग द्वारा 'आइडियाथॉन हरियाणा 'प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिये 20 अक्तूबर से रजिस्ट्रेशन आरंभ हो चुका है और यह 5 नवंबर, 2023 तक खुला रहेगा।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- मिशन (एचएसडीएम) के प्रवक्ता ने बताया कि 'आइडियाथॉन हरियाणा' प्रतियोगिता में आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों में पढ़ने वाले तथा डिप्लोमा पास कर चुके युवा हिस्सा ले सकते हैं।
- यह प्रतियोगिता हरियाणा के सभी 22 ज़िलों के उक्त संस्थानों के युवाओं के लिये शुरू की गई है। पंजीकरण में आसानी के लिये सभी ज़िलों को सात ज़ोन में विभाजित किया गया है।
- प्रत्येक ज़ोन में तीन विजेताओं सहित कुल 21 पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। पुरस्कार वितरण में प्रत्येक ज़ोन के लिये स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कार के रूप में क्रमश: 31,000 रुपए, 21,000 रुपए और 11,000 रुपए के नकद पुरस्कार दिये जाएंगे।




## मुख्यमंत्री ने 'प्राणवायु देवता पेंशन योजना' की शुरुआत की

### चर्चा में क्यों ?

26 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 'प्राणवायु देवता पेंशन योजना' के तहत 3,810 वृक्षों को पेंशन देने की विधिवत शुरुआत की। योजना के तहत इन सभी वृक्षों को सालाना 2750 रुपए पेंशन दी जाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री ने आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्राणवायु देवता पेंशन योजना का शुभारंभ किया।
- उल्लेखनीय है कि हरियाणा इस तरह की योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य है, जिसका उद्देश्य 75 वर्ष से अधिक पुराने स्वस्थ वृक्षों का संरक्षण है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी के घर के आंगन में 75 वर्ष या उससे अधिक पुराना पेड़ है तो वह अपने संबंधित ज़िले के वन विभाग के कार्यालय में जाकर पेंशन के लिये आवेदन कर सकता है। आवेदन का मूल्यांकन एक समिति द्वारा किया जाएगा और सभी शर्तों के सत्यापन के बाद लाभार्थी को पेंशन दी जाएगी।
- राज्य में ज़िलास्तरीय संरक्षण समितियों द्वारा इस योजना के तहत 75 वर्ष अथवा अधिक उम्र के 3,810 पात्र वृक्षों की पहचान की गई। इन प्राणवायु देवता वृक्षों की वार्षिक पेंशन राशि 2750 रुपए है। इस राशि को वृक्ष के परिरक्षक के खाते में वृक्ष के रखरखाव और देखभाल के लिये जमा किया जाएगा। इस पेंशन राशि में वृद्धावस्था सम्मान भत्ते के अनुरूप वार्षिक वृद्धि भी की जाएगी।

- चयनित प्राणवायु देवता वृक्षों में लगभग 40 प्रजातियाँ शामिल हैं, जिनमें पीपल, बरगद, नीम, आम, जाल, गूलर, कृष्ण कदंब, पिलखन आदि प्रमुख हैं। ये सभी वृक्ष भारतीय हैं और इनका अत्यधिक पारिस्थितिकी महत्त्व है।
- ये पुराने वृक्ष विभिन्न भूमि पर खड़े हैं, जैसे कि निजी, पंचायती, संस्थागत और सरकारी संपत्ति पर। वन भूमि पर खड़े वृक्षों को इस योजना में शामिल नहीं किया गया है।



## 'कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों की तैनाती' में संशोधन

### चर्चा में क्यों ?

26 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने हरियाणा सरकार द्वारा 'कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों की तैनाती नीति, 2022' में किये गए महत्त्वपूर्ण संशोधन के संबंध में अधिसूचना जारी की। चयन मानदंडों में इन संशोधनों का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को और अधिक समावेशी एवं कुशल बनाना है।

### प्रमुख बिंदु

- अधिसूचना में कहा गया है कि उम्मीदवारों की मेरिट सूची अब वार्षिक पारिवारिक आय, उम्मीदवार की आयु और सामाजिक-आर्थिक मानदंड, कौशल योग्यता, सामान्य पात्रता परीक्षा, पूर्व राज्य अनुभव आदि स्कोरिंग मापदंडों के आधार पर तैयार की जाएगी।
- हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण द्वारा सत्यापित उम्मीदवार की वार्षिक पारिवारिक आय के आधार पर अधिकतम 40 अंक होंगे, जिसमें 1,00,000 रुपए तक 40 अंक, 1,00,001 से 1,80,000 रुपए तक 30 अंक, 1,80,001 से 3,00,000 रुपए तक 20 अंक, 3,00,001 से 6,00,000 रुपए तक 10 अंक की स्कोरिंग होगी।
- नौकरी की सिफारिश के समय उम्मीदवार की उम्र के आधार पर 24 से 36 वर्ष तक 10 अंक तथा 36 से 42 वर्ष तक आयु में 5 अंकों का लाभ दिया जाएगा।
- नौकरी के लिये प्रासंगिक एनसीवीटी, एससीवीटी, एसवीएसयू विश्वविद्यालय मान्यताप्राप्त आईटीआई से कौशल प्रमाणपत्र होने पर उम्मीदवारों को अधिकतम 5 अंक प्राप्त होंगे। उसी क्षेत्र में बुनियादी योग्यता से अधिक उच्च योग्यता होने पर अतिरिक्त 5 अंक दिये जाएंगे, जिसमें न्यूनतम 8वीं पास की अनिवार्यता होगी।
- सामाजिक-आर्थिक मानदंडों के आधार पर उम्मीदवारों को 10 अंकों का वेटेज दिया जाएगा, जिसमें अनाथ स्थिति में 10 अंक, विधवा स्थिति में 5 अंक और जिन उम्मीदवारों के पिता नही हैं, उनके लिये भी 5 अंक दिये गए हैं।
- सामान्य पात्रता परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को 10 अंक प्राप्त होंगे।

- जो उम्मीदवार उसी ब्लॉक नगर निगम के निवासी हैं, उन्हें 10 अंक मिलेंगे और निकटवर्ती ब्लॉक, नगर निगम में रहने वालों को 5 अंक दिये जाएंगे, जिनके लिये नौकरी अधिसूचित की गई है, प्रत्येक नगर निगम को एक अलग ब्लॉक माना जाएगा और नगर पालिकाओं, नगर परिषदों को ब्लॉक का हिस्सा माना जाएगा।
- हरियाणा सरकार के नियंत्रण में किसी भी विभाग, बोर्ड, विश्वविद्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, मिशन या प्राधिकरण में काम करने का पूर्व अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को अतिरिक्त 10 अंक दिये जाएंगे। उम्मीदवारों को प्रत्येक वर्ष के अनुभव के लिये 1 अंक प्राप्त होगा।
- इन संशोधनों का उद्देश्य हरियाणा में कॉन्ट्रैक्ट के लिये अधिक व्यापक और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया बनाना है। यह परिवर्तन तुरंत प्रभावी हैं और इस नीति के तहत भविष्य की सभी भर्तियों के लिये लागू किये जाएंगे।
- चंडीगढ़ में हरियाणा सरकार के कार्यालयों को ज़िला पंचकूला के बराबर माना जाएगा। नई दिल्ली में हरियाणा सरकार के कार्यालयों को ज़िला गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और झज्जर के बराबर माना जाएगा।
- हरियाणा कौशल रोज़गार निगम लिमिटेड (एचकेआरएन) निदेशक मंडल को कॉन्ट्रैक्ट व्यक्तियों की तैनाती नीति, 2023 के खंड 8.8 में स्कोरिंग मापदंडों में बदलाव करने के लिये अधिकृत किया गया है।
- संशोधित नीति के तहत कॉन्ट्रैक्ट कर्मी आकस्मिक और चिकित्सा अवकाश सहित विभिन्न प्रकार के अवकाश के हकदार होंगे। विशेष रूप से ये कर्मचारी आनुपातिक आधार पर प्रत्येक कैलेंडर माह के दौरान एक दिन की आकस्मिक छुट्टी और एक दिन की चिकित्सा छुट्टी का लाभ उठाने के हकदार होंगे।
- यह पात्रता एक कैलेंडर वर्ष के दौरान अधिकतम 10 दिनों की आकस्मिक छुट्टी और 10 दिनों की चिकित्सा छुट्टी तक मान्य है। इसके अतिरिक्त, महिला कॉन्ट्रैक्ट कर्मी मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार मातृत्व अवकाश के लिये पात्र हैं।
- कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों के लिये आयु 42 वर्ष तक तथा आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिये ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट है। हरियाणा सरकार के संगठनों में पूर्व अनुभव वाले उम्मीदवार आयु में अधिकतम 5 वर्ष तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।



## मुख्यमंत्री ने की प्रदेश में छः टोल प्लाजा बंद करने की घोषणा

### चर्चा में क्यों ?

26 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य राजमार्गों पर स्थित छः टोल प्लाजा को बंद करने की घोषणा की है। इन टोल प्लाजा के बंद होने से जनता को सालाना 13.50 करोड़ रुपए की बचत होगी।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि तीन टोल प्लाजा- स्टेट हाईवे-17 पर राजस्थान बॉर्डर के पास गाँव बशीरपुर (नारनौल-निजामपुर रोड), स्टेट हाईवे-11 पर पंजाब सीमा के नज़दीक गाँव तातियाना (कैथल-पटियाला रोड), स्टेट हाईवे-22 पर गाँव गुज्जरवास (सुबाना-कोसली-नाहर-कनीना रोड) पर स्थित टोल प्लाजा का संचालन 1 नवंबर, 2023 से बंद हो जाएगा।

- इसी प्रकार, कैथल-खनौरी सड़क पर गाँव संगतपुरा नज़दीक पंजाब सीमा स्टेट हाईवे-8 पर स्थित टोल प्लाजा 10 नवंबर को बंद हो जाएगा। कालाअम्ब-सढ़ारा-शाहाबाद सड़क पर गाँव अशगरपुर नज़दीक हिमाचल प्रदेश सीमा स्टेट हाईवे-4 तथा रोहतक-खरखौदा-दिल्ली सड़क सीमा पर गाँव फिरोज़पुर के नजदीक दिल्ली सीमा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित टोल प्लाजा का संचालन 1 दिसंबर, 2023 को बंद कर दिया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि इन टोल प्लाजा को बंद करने का निर्णय आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों की मांगों को देखते हुए लिया गया है। सरकार ने इन टोल प्लाजा के द्वारा जनता पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ और असुविधा को पहचाना तथा जनता को राहत देने के लिये यह कदम उठाया है।

## मुख्यमंत्री ने की 10 ज़िलों में 190 कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा

### चर्चा में क्यों ?

26 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में संस्थागत शहरी विकास की दिशा में बढ़ते हुए 10 ज़िलों की 190 कॉलोनियों को नियमित करने की बड़ी घोषणा की है।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस निर्णय का उद्देश्य इन कॉलोनियों को कानूनी दर्जा देना और व्यापक बुनियादी ढाँचा विकास सुनिश्चित करना है।
- मुख्यमंत्री ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार इन कॉलोनियों के समग्र विकास के लिये लगभग 1400 करोड़ रुपए आवंटित करेगी।
- उन्होंने कहा कि नियमित की जा रही 190 कॉलोनियों में से 100 कॉलोनियाँ नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, शेष 90 शहरी स्थानीय निकायों के दायरे में हैं।
- इन कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा के साथ ही इस वर्ष कुल 594 कॉलोनियों का सफलतापूर्वक नियमितीकरण किया जा चुका है।
- उन्होंने कहा कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा प्रबंधित कॉलोनियों के भीतर विकास कार्यों की देखरेख हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा की जाएगी।
- मनोहर लाल ने कहा कि 2014 के बाद से कुल 1673 कॉलोनियों को सफलतापूर्वक नियमित किया गया है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में केवल 874 कॉलोनियों को नियमित किया गया था।

## सीएसएसआरआई करनाल ने विकसित की सल्फर आधारित मृदा सुधार तकनीक

### चर्चा में क्यों ?

30 अक्तूबर, 2023 को केंद्रीय मृदा एवं लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआई) करनाल के फसल एवं मृदा सुधार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार रॉय ने बताया कि छह साल के शोध के बाद सीएसएसआरआई ने सल्फर आधारित मृदा सुधार तकनीक विकसित कर ली है।

### प्रमुख बिंदु

- डॉ. अरविंद कुमार रॉय ने बताया कि अभी मृदा सुधार के लिये राजस्थान की खदानों से निकलने वाली जिप्सम का उपयोग होता है, लेकिन इसकी लगा तार कमी होती जा रही है, जिसके चलते कई वर्षों से वैज्ञानिक इसका विकल्प खोज रहे थे।
- सल्फर आधारित मृदा सुधार तकनीक के परिणामों के लिये सीएसएसआरआई के साथ-साथ हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान में कई स्थानों पर अध्ययन किया गया। साथ ही, इसका उपयोग विभिन्न फसलों, जैसे- धान, गेहूँ, कपास, बरसीम आदि पर भी किया गया।

नोट :

- इस तकनीक का प्रयोग करके देश के एक बड़े भूभाग को फिर से उपजाऊ बनाया जा सकेगा, जिसमें फसलों की पैदावार होगी और देश का खाद्यान्न बढ़ेगा।
- अभी देश में 3.78 लाख हेक्टेयर भूमि क्षारीयता से प्रभावित है। जिस भूमि का पीएच मान 8.3 से अधिक हो जाता है, उसे क्षारीय भूमि माना जाता है। इसके अतिरिक्त क्षारीय जल के प्रयोग से फसलों का उत्पादन धीरे-धीरे गिरता जाता है। 10 से 15 सालों में ये स्थिति हो जाती है कि उस भूमि में फसलों की पैदावार बंद हो जाती है और भूमि बंजर होने लगती है।
- सीएसएसआरआई के वैज्ञानिकों ने इसका विकल्प तैयार करने पर शोध कार्य शुरू किया। ये शोध कार्य सीएसएसआरआई ने रिलायंस इंडस्ट्री के साथ मिलकर शुरू किया था। छह साल की मेहनत और अनुसंधान के बाद अब संस्थान ने सल्फर आधारित मृदा सुधार तकनीक को तैयार कर लिया है।
- उल्लेखनीय है कि इस तकनीक में उपयोग होने वाला सल्फर पेट्रोलियम रिफाइनरी से प्राप्त किया जाता है, जो निष्प्रयोज्य होता है। इससे जो गैसें निकलती हैं, उन्हें एक प्रक्रिया से गुज़ार कर सल्फर निकाला जाएगा। इसका बड़ा फायदा क्षारीय भूमि में सुधार तो है ही, दूसरा सबसे बड़ा फायदा भी होगा कि ये गैसों से प्रदूषण भी कम होगा।




केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
CSSRI
1969

नोट :

# दो कांस्य के साथ अनीश बनवाला ने हासिल किया ओलंपिक कोटा


## चर्चा में क्यों ?

30 अक्तूबर, 2023 को करनाल के शूटर अनीश बनवाला ने एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में क्वालीफाई करते हुए व्यक्तिगत और टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने के साथ-साथ पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा भी हासिल किया है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 23 अक्तूबर से तीन नवंबर तक चांगवोन दक्षिण कोरिया में किया जा रहा है।
- अनीश बनवाला ने यह उपलब्धि 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में हासिल की है। पेरिस का टिकट उन्होंने स्कोर के आधार पर हासिल किया है। प्रतियोगिता में उन्होंने 600 में से 588 अंक हासिल किये हैं।
- अब अनीश गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। गोवा में उनका इवेंट पाँच-छह नवंबर को होगा। इसके अलावा अनीश नवंबर महीने में ही दोहा, कतर में आयोजित होने वाली वर्ल्ड कप शूटिंग में भाग लेंगे।
- गौरतलब है कि इसी माह चीन में आयोजित एशियाई खेलों में भी अनीश ने टीम इवेंट में कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इससे पहले अनीश ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। मई माह में भी अनीश ने अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित सीनियर वर्ल्ड कप में भाग लिया था।
- अनीश ने 2023 सीनियर शूटिंग वर्ल्ड कप के 25 मीटर रैपिड फायर में 12 साल बाद भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। उससे पहले 2022 में सीनियर वर्ल्ड कप में एक टीम स्वर्ण मिला था। वर्ष 2018 में ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स के 25 मीटर रैपिड फायर में अनीश ने देश को स्वर्ण दिलाया था। उस समय वह 10वीं क्लास में पढ़ाई करते थे।
- अनीश की बड़ी बहन मुस्कान भी शूटर हैं। फरवरी 2018 में सिडनी में आयोजित जूनियर वर्ल्ड कप में इंडिविजुअल में मुस्कान और अनीश ने एक साथ गोल्ड मेडल हासिल किया था। मुस्कान ने 25 मीटर स्पोर्ट पिस्टल में और अनीश ने 25 मीटर रैपिड फायर में भाग लिया था।
- उल्लेखनीय है कि अनीश अब तक नेशनल में 70 और इंटरनेशनल में करीब 33 पदक अपने नाम कर चुके हैं।





## देश के 13 शहरों में दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बना जींद

### चर्चा में क्यों ?

30 अक्तूबर, 2023 को केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड द्वारा जारी बयान के अनुसार हरियाणा का जींद शहर देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर है। इस शहर का औसत एक्यूआई 416 दर्ज किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- देश के 13 प्रदूषित शहरों में हरियाणा के छह शहर शामिल थे। हरियाणा के छह ज़िलों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 पार कर गया है। 300 से ऊपर एक्यूआई जाने का मतलब है कि शहर की हवा बहुत खराब स्थिति में है।
- वहीं देश का सबसे प्रदूषित शहर राजस्थान का हनुमानगढ़ रहा। इस शहर का औसत एक्यूआई 428 दर्ज किया गया।
- देश के 13 प्रदूषित शहरों में शामिल हरियाणा के छह शहर हैं- जींद (416), झज्जर/बहादुरगढ़ (362), कैथल (332), भिवानी (330), रोहतक (314) और करनाल (303)।

दृष्टि The Vision

नोट :